जनपद शामली पुलिस

--सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेस विज्ञप्ति　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक 18.11.2024

थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा 01 वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की गयी मोटर साइकिल बरामदः-

ज्ञात हो वादी श्री बिट्टू उर्फ प्रविन्द्र पुत्र महिपाल सिंह निवासी ग्राम लॉक जनपद शामली ने अपनी मोटर साइकिल को अज्ञात चोर द्वारा चोरी करने के सम्बन्ध में दिनांक 06.11.2024 को थाना कोतवाली शामली पर तहरीर दाखिल की गयी थी । दाखिल तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था । पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना का अनावरण व बरामदगी हेतु थानाध्यक्ष कोतवाली शामली को निर्देश दिये गये थे । इसी क्रम में आज दिनांक 18.11.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली शामली द्वारा 01 वाहन चोर को गिरफ्तार किया गया तथा उसके बताये गये स्थान बुढाना रोड़ के पास से चोरी की गयी मोटर साइकिल बरामद की गई है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है । अभियुक्त के अन्य साथियों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है ।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्त सूरज ने अपने जुर्म का इकबाल करते हुए बताया कि मेरे साथी अंकित कुमार पुत्र सुधीर व रितिक पुत्र जगरोशन निवासी ग्राम सिक्का थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली मेरे पक्के दोस्त हैं । हम तीनों दोस्त दिनांक 03/11/2024 को सिंभालका रोड शामली के क्रिकेट अकाडमी में क्रिकेट देखने के लिये गये थे । जहा से हमने स्प्लेण्डर मोटर साइकिल UP11AV9438 को चोरी किया था । मैने उस मोटर साइकिल को शामली के जंगल में ही छिपा रखा है । मैं मोटर साइकिल को बरामद करा दूंगा । मैने मोटर साइकिल की पहचान होने के डर की वजह से उस मोटर साइकिल पर काला पैन्ट कर दिया है ।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.सूरज पुत्र नरेश निवासी पट्टी मलसान भौरा कलां थाना भौरा कलां जनपद मुजफ्फरनगर ।

बरामदगी का विवरणः-

1.चोरी की स्प्लैन्डर मोटर साइकिल (काले रंग का पेन्ट हुआ है । बिना नम्बर प्लेट बरामद) ।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ0नि0 श्री बाबूराम सिंह थाना कोतवाली शामली जनपद शामली ।
2.है0का0 विजय कुमार थाना कोतवाली शामली जनपद शामली ।
3.है0का0 योगेन्द्र सिंह थाना कोतवाली शामली जनपद शामली ।